ई 11016/04/2016-हिन्दी/1836-1890

भारत सरकार

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय

(हिन्दी अनुभाग)

श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग,

नई दिल्ली, दिनांक : 19/12/2016

**कार्यालय ज्ञापन**

विषय : मंत्रालय की वेबसाइट को द्विभाषी करने हेतु।

माननीय जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण राज्य मंत्री की अध्यक्षता में मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति की दिनांक 19.10.2016 बैठक में संयुक्त सचिव (राजभाषा), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय ने कहा था कि " **मंत्रालय की वेबसाइट को द्विभाषी बनाने में अभी कुछ कमी है, इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है।"**

अतः उक्त सुझाव के अनुपालन में मंत्रालय के सभी अधिकारियों तथा अनुभाग/डेस्क/सैलों से अनुरोध है कि वे कृपया मंत्रालय की वेबसाइट देखें और उनसे संबंधित जो भी दस्तावेज केवल अंग्रेजी अथवा हिन्दी में है उन्हें तुरंत द्विभाषी रूप में मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करवाना सुनिश्चित करें।

(एम.सी. भारद्वाज)

उप निदेशक (रा.भा.)

सेवा में,

1) मंत्रालय के सभी अधिकारी।

2) मंत्रालय के सभी संगठन। अनुरोध है कि अपनी-अपनी वेबसाइट को पूर्णतया द्विभाषी बनाए।

3) मंत्रालय के सभी अनुभाग/डेस्क/सैल ।

4) मंत्री(ज.सं.,न.वि. और गं.सं) के निजी सचिव/राज्य मंत्री (ज.सं.,न.वि. और गं.सं) के निजी सचिव ।

5) निदेशक (एनआईसी), ज.सं.,न.वि. और गं.सं. मंत्रालय को इस अनुरोध के साथ कि कृपया पत्र मंत्रालय के इंट्रानेट पर अपलोड करने का कष्ट करें।